प्रशासकीय कार्यालय, जिला न्यायाधीश, सहारनपुर।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 14/ एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकित 15.10.2022 एवं पत्रांक 13858/एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकित 01.11.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार तृतीय श्रेणी संवर्ग में जिला न्यायालय अधिष्ठान, सहारनपुर में रिक्त पदों पर पुनः नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी। यह नियुक्ति सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व अभिलेख व वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर की जाएगी।

आवेदक को अपने प्रार्थना पत्र के साथ, उनके विरुद्ध कोई अपराधिक मामला लम्बित न होने और न ही किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दोष सिद्ध किया गया है, सम्बन्धी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदक को सेवा में पुनर्नियुक्ति हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 31.03.2026 की सांय 4 बजे तक प्रशासकीय कार्यालय, जिला न्यायाधीश, सहारनपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

तालिका सं0- अ

क्रमांक	पदनाम	रिक्त पदों की सं0	देय वेतनमान/परिश्रमिक प्रतिमाह
1	रीडर/मुंसरिम	7	नियत वेतन रू0 24200/-
2	सूट क्लर्क/ मिसलेनियस क्लर्क	7	नियत वेतन रू0 21150/-
	कुल	14	

तालिका संख्या- ब

क्रमांक	पदनाम	रिक्त पद
1	वरिष्ठ सहायक	10
2	कनिष्ठ सहायक	20
	कुल	30

नोट-* उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित मूल वेतन जिसमें से पेन्शन की राशि को घटाते हुए, परिलब्धियों के रूप में देय होगा।

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। सिस्टम अधिकारी, कम्पयूटर अनुभाग, जिला न्यायालय सहारनपुर व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वैबसाइट पर विज्ञप्ति अपलोड करना सुनिश्चित करें।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, सहारनपुर को व्यापक प्रचार और प्रसार हेतु स्थानीय समाचारपत्रों में निशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

दिनांकः 23.03.2026

(अभय कृष्ण तिवारी)
अध्यक्ष चयन समिति/
अपर जिला जज कक्ष सं0- 1,
सहारनपुर।

प्रतिलिपि/सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु System Officer को अग्रसारित

आज्ञा से

for **प्रशासनिक सहायक**
जिला जज, सहारनपुर

जिला न्यायालय, सहारनपुर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए आवेदन-पत्र

आवेदित पद का नामः.................................

1. आवेदक का नाम : ....

2. पिता/पति का नाम : ....

3. जन्मतिथि : ....

4. सेवानिवृत्ति की तिथि : ....

5. अंतिम धारित पद एवं

जनपद न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं) ....

6. पी०पी०ओ०संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) : ....

7. स्थायी पता : ....

....

8. अस्थायी पता : ....

....

9. मोबाईल नम्बर : ....

10. ई०मेल आई०डी० : ....

11. शैक्षणिक योग्यता : ....

अण्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूं / रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूं एवं जिला न्यायालय, सहारनपुर में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूँ। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

मैं प्रमाणित करता हूं/ करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठ पायी गयी तो उसकी पूर्ण रूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम / शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा मुझे स्वीकार है।

दिनांक:- आवेदक के हस्ताक्षर